तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 15 जुलाई 2026

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]


4 गारे पेलमा कोल माइंस को पर्यावरण क्षेत्र में मिली बड़ी उपलब्धि, 4/1 तीसरी बार 5 स्टार रेटेड माइन








## खबर संक्षेप

### 18 जुलाई तक लगेगा एचपीवी टीकाकरण

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिले के सभी पालकों, माता.पिता से अपील की है किए वे 13 से 18 जुलाई तक ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से होने वाले बीमारियों के बचाव के लिए आयोजित विशेष एचपीवी टीकाकरण सप्ताह के दौरान अपने 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष से कम आयु की सभी पात्र बेटियों को नजदीकी टीकाकरण केंद्र, प्राथमिक, सामुदायिक और जिला अस्पताल या विद्यालय में ले जाकर वैक्सीन अवश्य लगवाएँ। यह वैक्सीन भविष्य में सर्वाइकल गर्भाशय ग्रीवा एवं ब्रेष्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का एक सुरक्षितए प्रभावी और वैज्ञानिक उपाय है। शासन द्वारा यह टीका पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर ने अनुरोध किया कि किसी भी प्रकार की भ्रांति या अफवाह पर ध्यान न दें। अपनी बेटियों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के लिए समय पर टीकाकरण अवश्य कराएँ तथा इस जन.जागरूकता अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### आश्रम छात्रावास के लिए डाक्टरों से मांगा गया आवेदन

**सारंगढ़।** जिले में संचालित आश्रम छात्रावास में वर्ष 2026-27 हेतु प्रवेशित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ तन.स्वस्थ मन स्वास्थ्य सुरक्षा योजना 2007 अंतर्गत सारंगढ़. बिलाईगढ़ जिले के निजी प्रेक्टिशनरों जिनकी योग्यता एमबीबीएस, बीएएमएस एवं बीएचएमएस डिग्रीधारी चिकित्सकों से एक या एक से अधिक संस्थाओं छात्रावास आश्रम के लिए 15 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया है। इच्छुक निजी चिकित्सक अपने लेटर पेड में आवेदन पत्र के साथ शासकीय मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज, संस्था से उत्तीर्ण चिकित्सक डिग्री एवं चिकित्सकीय कार्य का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण.पत्र, निवास प्रमाण.पत्र, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, स्थायी या अस्थायी मो. नंबर वर्तमान पता तथा भारतीय स्टेट बैंक के खाता का प्रथम पृष्ठ जहां फोटो चस्पा हो की छायाप्रति के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, सारंगढ़.बिलाईगढ़, पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय शासकीय कालेज के पास कोसीर रोड सारंगढ़ पिन 496445 में निर्धारित तिथि कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक से भेज सकते हैं। आवेदन पत्र सीधे कार्यालय में नहीं लिया जाएगा।

### सड़कों पर दौड़ रहे केज व्हील लगे ट्रैक्टर, हादसों का खतरा

**बहेराडीह ।** सड़कों पर केज व्हील लगे ट्रैक्टर इन दिनों बेरोकटोक दौड़ रही है। जिससे ना केवल हादसों का खतरा बना हुआ है बल्कि सड़क पर कीचड़ ही कीचड़ नजर आता है। गौरतलब है कि इस समय सड़कों पर केज व्हील लगे ट्रैक्टर दौड़ रहीं है और खेत जुताई के दौरान पहिये में फंसें मिट्टी सड़क पर बिखर रहीं है। सड़क पर बिखरी मिट्टी पर दोपहिया, तीन पहिया और चार पहिये वाहन पर सवार लोग फिसल कर गिर भी रहें हैं। रात के समय भी ऐसे मार्ग पर आये दिन दुर्घटना होती रहतीं है। सिवनी सक्ती सड़क मार्ग पर जगह जगह खेत की मिट्टी फैली हुई है। खेत जुताई करने के बाद कैच व्हील लगे ट्रैक्टर ज़ब सड़क पर आती है, तो पहिए पर चिपके मिट्टी के बड़े बड़े टुकड़े सड़क पर बिखर जाती है।

### जहां अटैचमेंट उसमें अधिकांश स्कूल शहर के, केवल 14 को भेजे गए मूल पदस्थापना में

# शिक्षा विभाग का गजब खेला, स्कूल ही नहीं जनपद और तहसील में भी कर दिया शिक्षकों का अटैचमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शिक्षा विभाग में गजब का खेला चल रहा है। शासन ने अटैचमेंट खत्म कर दिया है, लेकिन जिले में करीब 50 ऐसे शिक्षक और कर्मचारी है जो दूसरे स्कूलों में अटैच हैं। इसमें से केवल 14 कर्मचारियों को ही अभी मूल संस्थाओं में भेजा गया है। दिलचस्प बात यह है कि केवल स्कूलों तक अटैचमेंट तो फिर ठीक था, लेकिन यहां तो जनपद और तहसील कार्यालय में भी अटैच कर दिया गया है। इसमें प्रधान पाठक से लेकर शिक्षक तक शामिल हैं। दूसरी ओर जिन 14 कर्मचारियों को मूल संस्था में भेजा गया है उनमें अधिकांश शहर के स्कूलों में ही अटैच थे। इससे बड़ी बात यह भी है कि जो अटैच थे वह सभी आदिवासी ब्लॉकों में पदस्थ थे। याने आदिवासी ब्लॉकों से कर्मचारी शहर में ज्यादा अटैच कराते हैं। इसमें एक और बड़ी बात यह भी है कि अतिथि शिक्षकों को भी अटैचमेंट का फायदा पहुंचाया गया है।

डीईओ की ओर से बीते 8 जुलाई को एक आदेश जारी किया गया है। इसमें 14 शिक्षक और कर्मचारी हैं जो मूल के बजाए दूसरे संस्थाओं में अटैच थे। उनको अभी लौटा दिया गया है। हालांकि जो जानकारी मिली है उसके हिसाब से यह सूची करीब 50 की थी, लेकिन क्या हुआ कि लिस्ट छोटी होकर केवल 14 तक ही पहुंच गई। याने अटैचमेंट 50 हैं लेकिन लौटाया गया है केवल 14 को ही। शिक्षकों को पढ़ाने के लिए एक स्कूल से दूसरे स्कूलों में अटैच किया तो जाता है, लेकिन प्रधान पाठक को भी अटैच कर दिया गया यह सबसे बड़ा सवाल है। जबकि प्रधान पाठक उस स्कूल का मुखिया होता है जो वहां के पूरे प्रबंधन का जिम्मेदार होता है। अब शिक्षा विभाग किस आधार पर प्रधान पाठकों को दूसरे संस्थाओं में अटैच करता है यह समझ से परे है।




#### 6 कर्मचारी शहर में अटैच

14 में से 6 कर्मचारी शहर में ही अटैच थे। इसमें दो चक्रधर नगर स्कूल, बीईओ कार्यालय, चांदमारी स्कूल, राजीवगांधी नगर स्कूल, रामभांठा स्कूल शामिल है। 14 में 8 को रायगढ़ ब्लॉक में अटैच किया गया था। अब इनको मूल संस्थाओं में लौटा दिया गया है।

#### दो प्रधानपाठक एक दूसरे के स्कूलों में गए

इसमें दो प्रधान पाठक एक दूसरे के स्कूलों में ही अटैच हुए थे। दोनों लैलूंगा ब्लॉक के गहिरा और चोरंगा में पदस्थ थे। दोनों अदला- बदली कर लिए थे। ऐसे ही एक प्रधान पाठक को जनपद पंचायत घरघोड़ा में अटैच किया गया था। एक सहायक शिक्षक एलबी को लैलूंगा तहसील में अटैच किया गया था। दो अतिथि शिक्षकों को भी अटैच कर दिया गया था, जबकि नियमित ही नहीं है।

### लंबित पेंशन की हक की लड़ाई में मिलेगा जनसहयोग

**रायगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शाखा यादव ने सामाजिक सुरक्षा सहायता राशि के अंतर्गत मिलने वाली निराश्रित, वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन का पिछले 8-9 महीनों से भुगतान नहीं होने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हजारों जरूरतमंद हितग्राही अपने वैधानिक अधिकार से वंचित हैं। इस गंभीर समस्या के निराकरण हेतु अनेकों बार प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है परन्तु सिर्फ कोरा आश्वासन के अलावा निराकरण की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं किया गया और आज पर्यन्त हितग्राही लंबित पेंशन से वंचित हैं। कांग्रेस पार्टी जनहित में लंबित पेंशन का तत्काल भुगतान कराने की मांग को लेकर 15 जुलाई बुधवार प्रातः 11 बजे जिला कांग्रेस भवन से रायगढ़ विधायक एवं प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के रायगढ़ स्थित निवास कार्यालय पर प्रदर्शन कर हितग्राहियों के आवेदन जमा करवाए जाएंगे।

## रास्ते से गुजर रही दो लड़कियों से मारपीट, आरोपी महिला गिरफ्तार

**रायगढ़।** रास्ते से गुजर रही दो लड़कियों से मारपीट करने वाली आरोपिया को गिरफ्तार कर दो अन्य नाबालिगों पर भी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार इस मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था। इसे एसएसपी ने संज्ञान लिया और कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कोतवाली पुलिस ने वायरल वीडियो का सूक्ष्म परीक्षण किया गया जिसमें मारपीट की घटना मेरीन ड्राइव रोड पर होना पाया गया।

क्षेत्र के लोगों से पूछताछ करने पर वीडियो में मारपीट करती दिखाई दे रही महिला की पहचान नगमा खान उर्फ नूरी के रूप में हुई। मंगलवार को तड़के पुलिस टीम ने उसके निवास पर दबिश देकर उसे तलब किया। पूछताछ के दौरान उसने मारपीट में शामिल दो अन्य लड़कियों के बारे में जानकारी दी जिन्हें भी तलब किया गया। जांच में दोनों नाबालिग बालिकाएं निकलीं जिनके विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। आज ही 19 वर्षीय पीड़िता थाना कोतवाली पहुंची और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि वह रायगढ़ में किराये के मकान में रहकर सोनारपारा स्थित एक ज्वेलरी गोदाम में कार्य करती है। बीते 30 जून की शाम लगभग 4 बजे वह अपनी सहेली के साथ मोटरसाइकिल से थोक बाजार सामान छोड़कर लौट रही थी। मेरीन ड्राइव रोड स्थित पुष्पवाटिका गार्डन के पास दो युवतियों ने मोटरसाइकिल आगे लगाकर उनका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों युवतियों ने फोन कर अपने रिश्तेदारों को बुलाया, जिनमें नगमा खान उर्फ नूरी भी शामिल थी। इसके बाद सभी ने मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट की। शोर सुनकर पीड़िता की सहेली एवं राहगीरों ने बीच-बचाव किया। पीड़ित युवती ने बताया कि मारपीट करने वाली सेल्फी ले रही थी, ये दोनों हंसते हुए गुजरे तो उनको लगा हमें देखकर हंस रही है और बेवजह मारपीट की।

### ग्रामीण डाक सेवक भर्ती में फर्जी 10वीं की अंकसूची तैयार कर लाखों की ठगी का खुलासा

## फर्जी अंकसूची के जरिए डाकपाल की दिलाई नौकरी, मास्टरमाइंड कोरबा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली पुलिस ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी अंकसूची उपलब्ध कराकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले मुख्य आरोपी विनोद कुमार राठौर को कोरबा से गिरफ्तार कर लिया है। फरार चल रहे आरोपी को कोरबा से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया, जहां पूछताछ के बाद उसे धोखाधड़ी एवं कूटरचना के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस प्रकरण में इससे पूर्व एक महिला एवं एक पुरुष आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

जानकारी के अनुसार जुलाई 2023 में भारतीय डाक विभाग द्वारा ग्रामीण डाक सेवकों की ऑनलाइन भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। भर्ती के दौरान जिला सक्ती निवासी नरेन्द्र कुमार तथा जिला जांजगीर.चांपा निवासी सोनम साहू ने ऑनलाइन आवेदन करते समय कक्षा 10वीं की अंकसूची प्रस्तुत की थी। प्रस्तुत अंकों के आधार पर दोनों का चयन रायगढ़ डाक संभाग अंतर्गत क्रमशः बर्रा एवं सुलेसा शाखा में डाकपाल ग्रामीण डाक सेवक पद पर हुआ। नियुक्ति से पूर्व दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान संबंधित अंकसूचियों का सत्यापन तमिलनाडु बोर्ड से कराया गयाए जहां से प्राप्त रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि दोनों अंकसूचियां फर्जी हैं तथा बोर्ड द्वारा कभी जारी ही नहीं की गई थीं। इसके बाद अधीक्षक डाकघर रायगढ़ की शिकायत पर 'थाना कोतवाली में तहत धारा 420, 467, 468, 471, 34 में अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस ने फरवरी 2026 में दोनों अभ्यर्थियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने खुलासा किया कि नौकरी की तलाश के दौरान उनकी पहचान कोरबा निवासी विनोद कुमार राठौर से हुई थी। विनोद राठौर ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर तीन से साढ़े तीन लाख रुपए की मांग की। नरेन्द्र कुमार ने आरोपी को 3.50 लाख दिएए जबकि सोनम साहू ने नियुक्ति के बाद भुगतान करने की सहमति दी थी। आरोपी द्वारा दोनों को फर्जी अंकसूचियां उपलब्ध कराई गईं, जिन्हें जानते हुए भी उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में उपयोग किया। दस्तावेज सत्यापन में फर्जीवाड़ा उजागर होने पर दोनों की नियुक्ति निरस्त कर दी गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों से फर्जी अंकसूचियां एवं उनके वास्तविक शैक्षणिक दस्तावेज जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा था। प्रकरण का मुख्य साजिशकर्ता विनोद कुमार राठौर घटना के बाद से फरार था।



#### नकली नोट मामले में पकड़ा गया था मुख्य आरोपी

तलाश के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि साल 2013 में नकली नोट प्रकरण में उसे 10 साल की सजा हुई थी। जेल से बाहर आने के बाद आरोपी पुनः जालसाजी एवं धोखाधड़ी के माध्यम से लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने में सक्रिय हो गया था। रायगढ़ में उसके साथियों के विरुद्ध अपराध दर्ज होने के बाद वह लगातार पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था। पुलिस टीम ने कोरबा से 'विनोद कुमार राठौर पिता नारायण प्रसाद राठौर, 47 निवासी एलआईजी 150, शिवाजी नगर, डंडिया मैदान के पास, थाना सिविल लाइन, जिला कोरबा को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाई। पूछताछ में आरोपी ने फर्जी अंकसूचियां उपलब्ध कराकर सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया। इसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## चोरी के 21 बाइक बरामद, अंतरजिला वाहन चोर गिरोह पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर पुलिस ने अंतरजिला वाहन चोर गिरोह को पकड़ा है। 9 लाख कीमत की 21 चोरी की मोटर साइकिलें बरामद कर पांच शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से रायगढ़ सहित कोरबा सक्ती एवं ओडिशा के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी की गई मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। मामले में दो अन्य आरोपी अभी फरार हैंए जिनकी तलाश जारी है।

बीते 11 जुलाई को कमला नेहरू गार्डन के सामने से चोरी हुई हीरो स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 11 एएम 7998 के प्रकरण की विवेचना के दौरान वाहन चोरों की पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान दो संदिग्ध युवक मेडिकल कॉलेज रोड पर चोरी की मोटर साइकिल बेचने के लिए ग्राहक तलाशने की सूचना मिली। चक्रधरनगर पुलिस ने मौके पर दोनों संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम अनिल मिश्रा एवं अमृत बहादुर बताया। दोनों ने अपने साथियों बोलो निषाद, चंद्रकुमार तिवारी और चंदन राय के साथ मिलकर चोरी की मोटरसाइकिलें बेचने के लिए ग्राहक तलाशना स्वीकार किया। नेहरू गार्डन के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे तीनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ में रायगढ़, कोरबा, सक्ती जिले के डभरा एवं मालखरौदा क्षेत्र, ओडिशा के बरगढ़ तथा अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों से संगठित तरीके से मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने चोरी की गई मोटरसाइकिलों को आपस में बांटकर अलग.अलग स्थानों पर छिपा रखा था। आरोपियों के निशानदेही के पर अनिल मिश्रा के कब्जे से 10, अमृत बहादुर से 2, बोलो निषाद से 5 तथा चंद्रकुमार तिवारी से 4 मोटरसाइकिलें, कुल 21 चोरी की बाइक बरामद की गईं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 9 लाख है।




#### वाहन चोरी की शिकायत से शुरू हुई जांच

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी संगठित गिरोह के रूप में लगातार वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। इसलिए प्रकरण में धारा 112,2 एवं 3,5 के तहत संगठित अपराध की धाराएं भी जोड़ी गईं। गिरफ्तार आरोपियों में अनिल मिश्रा 38 मिठ्ठूमूड़ा, बोलो निषाद 38 बड़े मानिकपुर, अमृत बहादुर 37 रैरूमा, चंद्रकुमार तिवारी 37, राधापुर तथा चंदन राय 24 आईटीआई कॉलोनी अंबेडकर आवास' शामिल हैं। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## मसाहती गांव के 151 खसरों की 500 एकड़ जमीन के मूल मालिकों का पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ ब्लॉक के चार गांव चक्रधरपुर, नटवरपुर, धूमाबहाल और बंगुरसिंया। इसमें चक्रधरपुर और नटवरपुर मसाहती गांव है। याने यहां का अब तक नक्शा ही तैयार नहीं हो सका है। इसके बाद भी यहां की जमीनों की खरीदी-बिक्री केवल नजरी नक्शे के आधार पर की गई। मसाहती गांव होने के बावजूद राजस्व विभाग ने इसका संज्ञान नहीं लिया। केवल पटवारी के नजरी नक्शे के आधार पर 500 एकड़ जमीन बिक गई। अब इस 500 एकड़ जमीन के असली मालिक कौन है यह पता नहीं चल रहा है। ऐसे में इसकी शिकायत पीएमओ तक हुई है। अब इसकी जांच भी चालू हो गई है।

खास बात तो यह है कि इस जमीन की बिक्री एक से अधिक बार हो चुकी है। यहां महाजेंको ने ने क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण के लिए जमीन खरीदी थी। अब केंद्र सरकार द्वारा दिए गए जांच आदेश पर महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में हडक्रंप मच गया है। जानकारी मिली है कि नटवरपुर, चक्रधरपुर, धूमाबहाल और बंगुरसिया की जो जमीनें महाजेंको को थमाई गई, उसका इतिहास ही छिपा लिया गया। 151 खसरों की 500 एकड़ जमीन के मूल मालिक कौन थे।

#### वन विभाग के पजेशन में है जमीन

महाजेंको ने चार गांवों में 214 हेक्टेयर जमीन खरीदकर वन विभाग को सौंप दी है। अभी पूरी भूमि वन विभाग के पजेशन में है। मसाहती गांव में बिना नक्शे वाली जमीन सरकारी गाइडलाइन से चार गुना कीमत पर बेची गई। जानकारी मिली है कि महाजेंको ने लर्न नेचर कंसल्टेंट रायपुर नामक संस्था को जमीन खोजने के लिए अधिकृत किया। इस कंपनी ने दो विज्ञापन प्रकाशित किया था। चार लोगों ने आवेदन किया था जिसमें से केवल एक ही सही था, बाकी तीन नाम सही नहीं होने की शिकायत पीएमओ से की गई है।

#### आदिवासी बहुल गांव है नटवरपुर

नटवरपुर एक आदिवासी बहुल गांव है। यहां ज्यादातर जमीन धनवार या धनुहार आदिवासियों की है। यहां पीएसीएल ने भी जमीन खरीदी, कई कारोबारियों ने भी जमीन खरीदी और अब 500 एकड़ महाजेंको को भी मिल गई। इसमें नटवरपुर की 89 खसरा नंबरों की 115.184 हे. और चक्रधरपुर की 48 खसरों की 95.060 हे. भूमि की रजिस्ट्री कराई गई। धूमाबहाल और बंगुरसिया की जमीन भी कंपनी ने खरीदी।

### रोजगारपरक विषयों में होगी स्नातक स्तर की पढ़ाई

## एसएनपीवी में विश्वविद्यालय अध्ययन शाला की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय में वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विश्वविद्यालय शिक्षण विभा;यूटीडी प्रारंभ होने की अनुमति शासन से प्राप्त हुई है। जिसके अंतर्गत पांच शिक्षण विभाग प्रारंभ किया जाना है।

जिनमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार चार वर्षीय पाठ्यक्रम बीएससी आनर्स गणित, भौतिक व कम्प्यूटर साईंस के साथ व बीबीए आनर्स तथा बीकॉम आनर्स शामिल है। विश्वविद्यालय के द्वारा शीघ्र ही इसके लिए आनलाईन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ की स्थापना के पांच वर्ष अंतराल में यह विश्वविद्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग से ही विश्वविद्यालय की पहचान निरूपित होती है। शैक्षणिक सत्र 2020 में विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी लेकिन अब तक यहां यूटीडी शुरू नहीं हो पाया था, इस वजह से विश्वविद्यालय की भूमिका मुख्य रूप से परीक्षा कराने और परीक्षा परिणाम जारी करने में अपना योगदान दे रहा है। इस वर्ष से विश्वविद्यालय अपने परिसर में सीधे अध्यापन और शोध रिसर्च की शुरूवात करने जा रहा है।



कुलपति प्रोण विनय चैहान ने बताया कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य परीक्षा कराने के साथ छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा, शोध एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना भी है। विश्वविद्यालय द्वारा प्री पीएचडी परीक्षा के तैयारियां चल रही है, जिससे रिसर्च को बढ़ावा मिलेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय चैहान ने बताया किए विश्वविद्यालय का अपना शिक्षण विभाग प्रारंभ होना इस विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए एक सुखद सौगात है। विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा जिसके तहत वे आधुनिक तकनीक के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर सकेंगे। रायगढ़ के छात्रों की पुरानी मांग और छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप अब विश्वविद्यालय शैक्षिक उत्कर्ष की ओर अग्रसर हो रहा है। यूटीडी की शुरूआत से रायगढ़ अंचल के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ.साथ शोध और नवाचार का मंच मिलेगा।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI RAIGARH

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

- ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
- FITTER 2 Year (10th Pass)

उड़ीसा रोड़, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)

89595-93923 • 89595-44444



# काउबॉय हैट लुक में नजर आए सलमान...

**मुंबई।** जल्द ही सलमान खान की अपकमिंग फिल्म मातृभूमि रिलीज होगी। इसी बीच उन्हें मुंबई के बांद्रा में एक डबिंग स्टूडियो के बाहर देखा गया। पैपराजी भाईजान की तस्वीरें और वीडियो लेने के लिए मौके पर नजर आए। एक वायरल वीडियो में सलमान खान काउबॉय हैट लुक में दिखाई दिए, जो उन पर खूब जंच रहा था। वायरल वीडियो में सलमान ने यूनीक काउबॉय हैट पहनी थी साथ ही उनके गले में एक पेंडेंट भी था, उस पर तीन नग लगे थे। यह पेंडेंट उनके लुक को और भी खास बना रहा था। सलमान खान 'मातृभूमि' नाम की एक देशभक्ति से भरी फिल्म कर रहे हैं।

## लाइफ Style



# जैस्मिन

## लाइव कॉन्सर्ट में किया सगाई का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' ने जमकर तबाही मचाई थी। इसके सभी कलाकारों को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। वहीं, इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के गानों को भी काफी पसंद किया गया है।

इन गानों को सिंगर जैस्मीन सैंडलस ने भी अपनी आवाज दी है, जो फिलहाल अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दिल्ली में उन्होंने अपने मंगेतर शेखर चौधरी से फैंस को रुबरु कराया है? 'धुरंधर' के साथ-साथ जैस्मीन सैंडलस की लोकप्रियता में भी गजब का इजाफा हो गया था। वो आज के वक्त की मशहूर और चर्चित सिंगर्स में से एक बन चुकी हैं। सिंगर ने हाल ही में दिल्ली में एक लाइव कॉन्सर्ट किया। इस दौरान उन्होंने फैंस को हैरान क दिया। स्टेज पर उन्होंने शेखर चौधरी को अपने फैंस से मिलवाया। स्टेज पर दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक रही। बीच कॉन्सर्ट में शेखर ने स्टेज पर एंट्री ली. जैस्मीन ने दौड़कर शेखर को गले लगा लिया और ऐलान किया कि शेखर के साथ उनकी सगाई हो चुकी है। जैस्मीन ने कहा, 'तू आ ही गया चौधरी साहब स्टेज ते, दिस इज माई मैन, एवरीबडी.' वहीं इसके अलावा उन्होंने कहा, 'ये वही इंसान हैं जिन्होंने मुझे रिंग पहनाई है, ये मेरे हैं।' शेखर चौधरी को लाइमलाइट से दूर रहना पसंद हैं। तभी तो सगाई के बाद लोगों को पता लग पाया है कि जैस्मीन और शेखर रिलेशनशिप मे हैं। बता दें कि जहां जैस्मीन म्यूजिक और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से ताल्लुक रखती हैं तो वहीं शेखर का इस फील्ड से कोई रिश्ता नहीं है।

## हॉलीवुड मसाला



# 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**लॉस एंजिल्स।** जुरासिक पार्क फ्रैंचाइजी में डॉ. एलन ग्रांट का किरदार निभाने वाले न्यूजीलैंड के एक्टर सैम नील का सोमवार को निधन हो गया। वो 78 साल के थे। पांच दशकों से ज्यादा लंबे कॅरियर में नील ने 150 से ज्यादा फिल्मों और शो में काम किया। उनकी फिल्मों की लिस्ट में डेड काम, द हंट फॉर रेड अक्टूबर, द जंगल बुक, इन द माउथ ऑफ मैडनेस, इवेंट होराइजन, बाइसेंटेनियल मैन, द डिश, पीटर रैबिट और ताइका वाइटीटी की हंट फॉर द वाइल्डरपीपल शामिल हैं।



# माइकल ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'माइकल'24 अप्रैल को रिलीज हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म किया और इसे दर्शकों से खूब प्यार मिला। अब फिल्म ने एक नया माइलस्टोन हासिल किया है। 'माइकल'ने दुनियाभर में 1 बिलियन डॉलर (करीब 100 करोड़) की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही यह दुनिया की पहली बायोपिक फिल्म बन गई है, जिसने यह मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने विदेशों में 629.8 मिलियन डॉलर (5,996.28 करोड़) और घरेलू बॉक्स ऑफिस (अमेरिका) में 371.8 मिलियन डॉलर की कमाई की है। इस तरह फिल्म की कुल कमाई 1.001 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। यह फिल्म अप्रैल में रिलीज हुई थी और तभी से लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है।



# हेमा की बायोपिक के लिए दीपिका पहली पसंद

**नई दिल्ली।** ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी की जिंदगी अगर कभी बड़े पर्दे पर उतरी, तो उनका किरदार कौन निभाएगा? ये सवाल सालों से फैंस के मन में घूम रहा था। अब खुद हेमा मालिनी ने इस सस्पेंस से पर्दा उठा दिया है। 60 साल के फिल्मी सफर का जश्न मना रहीं हेमा मालिनी ने साफ कर दिया कि अगर उनकी बायोपिक बनती है, तो वो उसमें दीपिका पादुकोण को देखना चाहेंगी। हेमा ने कहा कि अगर दीपिका चाहें तो वो उनका रोल कर सकती हैं। उन्होंने दीपिका की तारीफ करते हुए कहा कि वो खूबसूरत हैं, टैलेंटेड हैं और इस किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकती हैं। हेमा और दीपिका का रिश्ता नया नहीं है। साल 2017 में जब हेमा मालिनी की बायोग्राफी लॉन्च हुई थी, तब भी उन्होंने दीपिका को ही इसके लिए चुना था।



# सात साल बाद गोविंदा का कमबैक...

**नई दिल्ली।** हीरो नंबर 1 गोविंदा अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर कमबैक करने के लिए तैयार हैं। वो फिल्म रूपा में नजर आने वाले हैं। गोविंदा ने रूपा की अनाउंसमेंट कर दी है। इस फिल्म में वो नई एक्ट्रेस रानी स्वर्णकार संग दिखेंगे. फिल्म को गोविंदा प्रोड्यूस भी कर रहे हैं। गोविंदा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में बात की। फिल्म के बारे में उन्होंने कहा, 'अब मैं तैयार हूं। अब आगे आप पूरी कास्ट को देख पाएंगे. मुझे ऐसा लगता है कि ये अलग तरह की फिल्म होगी खासकर यंगस्टर्स के लिए। बहुत ही उम्मीदों के साथ यंगस्टर्स शुरुआत करते हैं, लेकिन वो कभी-कभार भटक जाते हैं। माया का जो हिस्सा हम दिखा सकते हैं वो मैं अब इस फिल्म में दिखाने जा रहा हूं। यंगस्टर्स भीड़ में खोए हुए व्यक्ति की तरह न लगे।'

## टीवी मसाला



# आदर्श बाल विद्यालय का ट्रेलर आया सामने कॉमेडी और ह्यूमर से भरपूर दिखी कहानी

**नई दिल्ली।** हिमांक गौर के निर्देशन में बनी नई कॉमेडी-ड्रामा सीरीज आदर्श बाल विद्यालय का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ये सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है। बच्चों की अतरंगी मस्ती से भरपूर सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय'का ट्रेलर सामने आ गया है। ट्रेलर में ज्ञानेश्वर त्रिपाठी (केके मेनन द्वारा अभिनीत) नाम का एक लापरवाह स्कूल प्रिंसिपल नजर आता है, जो कैम्ब्रिज में सरकार द्वारा प्रायोजित एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में अपने स्कूल के बच्चों को भेजना चाहता है। उनकी इसी इच्छा के कारण वे अपनी टीचर्स की टीम के साथ मिलकर स्कूल के बच्चों को सुधारने की कोशिश करते हैं, लेकिन बिगड़ेल बच्चों की हरकतों की वजह से उसे कैम्ब्रिज का सपना अधूरा लगने लगता है। इस बीच उसे कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ट्रेलर में हल्की-फुल्की कॉमेडी, बच्चों की मस्ती और मनोरंजन से भरपूर एक सीरीज की झलक देखने को मिलती है। 'आदर्श बाल विद्यालया' सीरीज में केके मेनन, अर्चना पूरन सिंह, नवीन कस्तूरिया, प्रसन्ना बिष्ट, देवेन भोजानी, अजितेश गुप्ता, अन्नपूर्णा सोनी, प्राची शाह और अभिमन्यु सिंह नजर आएंगे। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। इस सीरीज के कुल 7 एपिसोड आएंगे। सीरीज 24 जुलाई से भारत और दुनिया भर में हिंदी भाषा और अंग्रेजी सबटाइटल के साथ स्ट्रीम होगी।

## बिग बॉस को टक्कर देने आया भोजपुरी बवाल

**नई दिल्ली।** जब भोजपुरी मनोरंजन जगत के सबसे बड़े सुपरस्टार एक ही टेबल पर साथ बैठते हैं, तो नतीजा सिर्फ एक मुलाकात नहीं, बल्कि 'बवाल' होता है। 2 अगस्त को होने वाले प्रीमियर से पहले, जियोहॉटस्टार



और कलर्स ने 'भोजपुरी बवाल' की पहली झलक जारी की है, जो दर्शकों को आनेवाली बेबाक बातचीत, मस्ती, टकराव और जबरदस्त मनोरंजन की एक रोमांचक झलक दिखाती है। पवन सिंह, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', आम्रपाली दुबे, काजल राघवानी और तेज प्रताप यादव पहली बार भारत की पहली प्रीमियम सेलिब्रिटी-फॉलो रियलिटी सीरीज में बेबाक अंदाज में नजर आएंगे. वीडियो की शुरुआत डिनर टेबल पर बैठे कलाकारों से होती है, जहां वे इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि शो को दर्शकों के सामने कैसे पेश किया जाए. लेकिन कुछ ही पलों में बातचीत अप्रत्याशित मोड़ ले लेती है। हल्की-फुल्की नोकझोंक बहस में बदल जाती है, मजाक आरोपों का रूप ले लेता है और सभी सितारे एक-दूसरे से जुड़ी अफवाहों, विवादों और लोगों की धारणाओं पर खुलकर बात करने लगते हैं।

# कहानी ऐसी हो, जो सोचने पर मजबूर करे : जॉन अब्राहम

**मुंबई।** पिछले काफी वक्त से जॉन अब्राहम रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनने वाली मुंबई के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया की बायोपिक को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में जॉन अब्राहम ने राकेश मारिया का किरदार निभाने और असल जिंदगी के लोगों को पर्दे पर उतारने की जिम्मेदारी के बारे में बात की। साथ ही उनका मानना है कि सिनेमा का काम सिर्फ मनोरंजन करना नहीं है। इसे फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के जेहन में बने रहना चाहिए। एक बातचीत के दौरान जॉन ने कहा कि दमदार कहानी कहने का तरीका ऐसा होना चाहिए, जो मनोरंजन करे, सोचने पर मजबूर करे और फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के मन में बसी रहे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर कहानी आपको कुछ न कुछ देकर जानी चाहिए। मनोरंजन जरूरी है, सिनेमा को हमेशा आपको जोड़े रखना चाहिए। लेकिन अगर कोई फिल्म थिएटर से निकलने या उसे देखने के बाद भी आपके साथ बनी रहती है, तो यह और भी अच्छी बात है। मैं प्रोजेक्ट्स इसलिए नहीं चुन रहा हूं कि वे कोई खास बात कहना चाहते हैं। मैं उन्हें इसलिए चुनता हूं क्योंकि मुझे लगता है कि वे ईमानदार हैं, अच्छी तरह से कही गई हैं और भावनात्मक रूप से जोड़ने वाली हैं। अगर उनसे बातचीत शुरू होती है, तो यह एक बोनस है।



## राकेश मारिया का निभाएंगे किरदार

इतने साल में एक प्रोड्यूसर के तौर पर मुझे एहसास हुआ है कि मैं ऐसी कहानी को सामने लाने में मदद कर सकता हूं जिसे देखा जाना चाहिए। आखिर में, कहानी ही सबसे अहम होती है। अगर वह मुझे प्रभावित करती है, तो मैं उसे सपोर्ट करूंगा। मुंबई के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया की बायोपिक को लेकर भी जॉन अब्राहम ने बात की। उन्होंने कहा कि राकेश मारिया का करियर हमारे देश के इतिहास की कुछ अहम घटनाओं से जुड़ा रहा है, इसलिए उन्हें पर्दे पर उतारने में एक बड़ी जिम्मेदारी का एहसास होता है। जब आप किसी असली इंसान का किरदार निभाते हैं, तो मकसद उनकी नकल करना नहीं होता, बल्कि उनकी पब्लिक इमेज के पीछे छिपे असली इंसान को समझना होता है।

# जापान में धुरंधर का बुरा हाल, बॉक्स ऑफिस पर साबित हुई डिजास्टर...

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह स्टारर और आदित्य धर निर्देशित धुरंधर ने देश और दुनियाभर में ब्लॉकबस्टर परफॉर्म किया था। वहीं, ये फिल्म 10 जुलाई को जापान में रिलीज की गई थी, लेकिन यहां ये फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकामयाब साबित हुई है। जापान में फिल्म की ओपनिंग काफी ठंडी रही है। बता दें कि जापान में 'धुरंधर' को एक बड़ा झटका लगा है। आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी इस बड़े बजट की एक्शन ड्रामा फिल्म को 10 जुलाई को देश भर में लगभग 80 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहले दिन 900 से भी कम दर्शकों ने यह फिल्म देखी। गौरतलब है कि इसे जापानी मार्केट में जोर-शोर से प्रमोट किया गया था बावजूद इसके ये जापानी बॉक्स ऑफिस पर पहले ही दिन फुस्स साबित हुई है। इसी के साथ ये



जापान में किसी भारतीय फिल्म की सबसे कमजोर ओपनिंग में से एक बन गई है। हैरानी की बात ये है कि ये फिल्म जापान में अपने पहले दिन टॉप 25 फिल्मों में भी जगजह नहीं बना पाई।

## जापानी दर्शकों को पसंद आई फिल्म

रिलीज के स्केल को देखते हुए, ओपनिंग के आंकड़े ट्रेड के लिए एक बड़ा सरप्राइज रहे हैं। रिलीज से पहले फिल्म से अच्छी उम्मीदें थीं। हालांकि, जापानी दर्शकों को यह फिल्म पसंद नहीं आई, जिसके कारण ज्यादातर जगहों पर बहुत कम लोग फिल्म देखने पहुंचे। गौरतलब है कि जापान में आरआरआर और साहो जैसी कई भारतीय फिल्में सफल रही हैं और उन्होंने ओपनिंग डे पर बहुत ज्यादा दर्शक जुटाए थे। इसके उलट, 'धुरंधर' की शुरुआत पुष्पा 2 जैसी ही धीमी रही। दरअसल, पुष्पा 2 को भी रिलीज से पहले जबरदस्त चर्चा के बावजूद पहले दिन 900 से कम दर्शक मिले थे। यह ट्रेंड बताता है कि जापानी मार्केट में ग्लोबल पॉपुलैरिटी को बॉक्स ऑफिर पर सक्सेस में बदलना एक चुनौती है।

## तीसरी बेगम से रक्तांचल 3 तक, मनोरंजन की होगी बारिश

# इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** यह वीक सिनेमा प्रेमियों के लिए काफी खास है। हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' इसी वीक सिनेमाघरों में सजेगी। इसके अलावा रहूं मैं तेरे रूबरू और महाप्रभु जगन्नाथ भी रिलीज होने वाली हैं। थिएटर्स से अलग ओटीटी पर भी कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज रिलीज होंगी।

### मर्डर 101

नाम से ही साफ है कि यह एक मर्डर मिस्ट्री है। अमेरिका के दशकों पुराने अनसुलझे मर्डर केस पर आधारित यह इन्वेस्टिगेशन सीरीज सिर्फ अपने तीन एपिसोड के साथ फिलहाल रिलीज हो रही है। इसमें एलेक्स कैंपबेल लीड रोल में हैं। 13 जुलाई से यह सीरीज प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है।

### राइड और डाई

यह एक एक्शन-कॉमेडी सीरीज है। दो दोस्तों की जिंदगी पर बनी यह सीरीज इस वीक रिलीज होगी। इसे 15 जुलाई से अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकेगा। इसमें हन्ना वाडिंगहैम और ऑक्टेविया स्पेंसर लीड रोल में हैं।




### तीसरी बेगम

यह फिल्म भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह वेब्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देगी। इसके लिए दर्शकों को कोई शुल्क अदा नहीं करना होगा वेब्स पर यह मुफ्त में स्ट्रीम होगी। निर्माता, लेखक एवं निर्देशक के सी बोकाड़िया की यह फिल्म 18 जुलाई से स्ट्रीम होगी।

### रक्तांचल सीजन 3

इस वीक 'रक्तांचल सीजन 3' भी आ रही है। यह एमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। रितम श्रीवास्तव निर्देशित सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। दर्शक बिना किसी सब्सक्रिप्शन के मुफ्त में इस सीरीज को एंजॉय कर सकते हैं। इसकी कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी इस वेब सीरीज का पहला सीजन साल 2020 में और दूसरा सीजन 2022 में आया था।

### डिजायर

इस हफ्ते की ओटीटी लिस्ट में 'डिजायर' भी है। यह 17 जुलाई, 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में लुडविका पालेटा और जोस मारिया याजपिक जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म एक ऐसे परिवार की कहानी पर आधारित है, जिसमें एक स्विमिंग कोच के आने से गहरा और खतरनाक भावनात्मक मोड़ आता है।

### 23,000 लाइव्स

यह जर्मन ड्रामा फिल्म है। 23,000 लाइव्स। 23,000 लाइव्स 17 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म 'जुगेंड रेटेट' नाम के युवाओं के एक ग्रुप की सच्ची कहानी पर आधारित है, जिन्होंने क्राउडफंडिंग के जरिए एक पुराना जहाज खरीदा और भूमध्य सागर में 23,000 से ज्यादा लोगों की जान बचाई थी।

## खबर संक्षेप

### रायगढ़ जिला अग्रवाल संगठन के जिला अध्यक्ष बने तरूण

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने शहर के अत्यंत ही मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी युवा समाज सेवी तरूण अग्रवाल को सामाजिक



समर्पण, सक्रियता, सहज एवं सरल व्यक्तित्व तथा अग्रवाल समाज के प्रति सेवा भावना एवं संगठन के प्रति निरंतर दिए जा रहे योगदान के लिए रायगढ़ जिला अग्रवाल संगठन के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। वहीं संगठन के पदाधिकारियों ने कार्यक्षेत्र संपूर्ण रायगढ़ जिला दिया है। यह नियुक्ति प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल की अनुशंसा पराए अगले आदेश तक अथवा फरवरी मार्च 2028 में संपन्न होने वाले नए प्रांतीय नेतृत्व के चयन तक प्रभावी रहेगी। संगठन के पदाधिकारी प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवालए प्रांतीय चेयरमैन अशोक मोदी, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल राजू, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष सुनील रामदास अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री संजय अग्रवाल व प्रांतीय कोषाध्यक्ष पंकज कीर्तुका बजरंग लाल बीके, बाबूलाल अग्रवाल, कमल मित्तल, नरेश अग्रवाल ने तरुण अग्रवाल की जिला अध्यक्ष के प्रति विश्वास जताया है कि जिले में अग्रवाल समाज के सभी बंधुओं से सतत संपर्क स्थापित कर उन्हें संगठन से जोड़ने एवं आजीवन सदस्य बनाने का अभियान चलाएंगे।जिले का नियमित प्रवास कर संगठन का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तर पर पूर्ण एवं सक्रिय कार्यकारिणी का गठन कर संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करेंगे। प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ सतत समन्वय एवं संवाद बनाए रखेंगे। संगठन की विचारधारा, उद्देश्यों एवं योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे तथा संगठन की नीतियों के अनुरूप सभी आवश्यक कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन करेंगे।

### महामदेश्वर धाम में पौधरोपण कार्यक्रम



**जशपुरनगर।** विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग महामदेश्वर धाम में आज विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंजीत दीवान रहे। विशिष्ट अतिथियों में करनाल सिंह, शगौरी शंकर सिंह, दुर्गा दास , बीडीसी अक्षय मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता ईश्वर सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। महामदेश्वर धाम में आयोजित यह वृक्षारोपण अभियान धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में संपन्न हुआ।

### दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए रायपुर में प्रवेश प्रारंभ

**जशपुरनगर।** शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय, माना कैम्प रायपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों के प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। यह प्रवेश श्रवण बाधित न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले विद्यार्थियों के लिए है। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर 2 पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। बीपीए बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स में गायन और तबला वादन संगीत की पढ़ाई होगी जिसके लिए दृष्टि बाधित और अस्थि बाधित विद्यार्थी पात्र हैं। वहीं बी०एफ०ए० बैचलर ऑफ फाईन आर्ट्स में चित्रकला विषय है जिसके लिए श्रवण बाधित और अस्थि बाधित विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। 12 वीं उत्तीर्ण इच्छुक दिव्यांग विद्यार्थी आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ प्रवेश ले सकते हैं।

## एमआईसी ने दी दर को स्वीकृति, विकास एवं जनसुविधा से जुड़े प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

# ढिमरापुर चौक से कोतरा रोड आरओबी तक होगा पाइप लाइन का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



महापौर जीवर्धन चौहान की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल एमआईसी की बैठक हुई। बैठक में शहर के समग्र विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न प्रशासनिक विषयों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा एवं विचार विमर्श कर आवश्यक स्वीकृति दी गई।

बैठक में शहर में आवश्यक सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने, विभिन्न वार्डों में अधोसंरचना विकास, सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, सौंदर्यीकरण कार्यों तथा अन्य जनहित से जुड़े प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। परिषद से लोक कर्म विभाग में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों की सेवाओं को निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने तक पूर्व निर्धारित दरों पर जारी रखने के एजेंडा पर चर्चा करते हुए इसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। वार्ड क्रमांक 09 एवं 05 में बची हुई स्वीकृत राशि से स्थल परिवर्तन कर सीसी सड़क निर्माण कार्य कराने, खर्राघाट क्षेत्र में सौंदर्यीकरण एवं पुराने रपटा पुल के जीर्णोद्धार कार्य में आवश्यक अतिरिक्त कार्यों के भुगतान को स्वीकृत किया गया। इसी तरह ढिमरापुर चौक से कोतरा रोड आरओबी तक लगभग 470.41 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित पाइपलाइन विस्तार कार्य के लिए प्राप्त न्यूनतम निविदा दर को अनुमोदित करने तथा शासन के निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुरूप प्रशासनिक विषयों पर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान करना नहीं बल्कि प्रत्येक परियोजना को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण कर उसका लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और परिषद द्वारा स्वीकृत सभी कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। महापौर श्री चौहान ने नागरिकों को शीघ्र बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए सभी स्वीकृत कार्यों में गुणवत्ता, समय.सीमा एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखने की बात कही। निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा कि महापौर परिषद द्वारा स्वीकृत सभी प्रस्तावों पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए विकास कार्यों को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम वित्तीय अनुशासन, तकनीकी गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए शहर की आधारभूत अधोसंरचना को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## कलेक्टर ने दिए सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप संचालित सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के क्रियान्वयन संबंध में सोमवार को कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना का जिले में बेहतर क्रियान्वयन किया जाना है।

योजना के तहत हितग्राहियों को 31 योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। इसके लिए सर्वेक्षण कार्य के माध्यम से छूटे हुए हितग्राहियों का चिन्हांकन करके योजना का लाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार सभी एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को बताया कि सुघ्घर अभियान के तहत हितग्राहियों को जॉब कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,राशन कार्ड, जल जीवन मिशन, आयुष्मान कार्ड, आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का शत-प्रतिशत पंजीयन,जननी सुरक्षा योजना,आय जाति निवास प्रमाण पत्र,विवाह प्रमाणपत्र, गर्भवती महिलाओं और बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, आधार कार्ड, कौशल विकास योजना से युवाओं का प्रशिक्षण,श्रम कार्ड, आदि अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने मंगल भवन, सामुदायिक भवन,सीसी रोड, सांस्कृतिक भवन,खेल मैदान,मिनी स्टेडियम,आदि प्रगतिरत निर्माण कार्यों की जानकारी ली।

## गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक

**पत्थलगांव।** लाखझार में 17 से 20 अप्रैल 2027 को होने वाले राष्ट्र शौर्य समृद्धि 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर गायत्री चेतना केंद्र में रविवार को जिला स्तरीय बैठक हुई। ब्लॉक समन्वयक प्रकाशचंद्र यादव द्वारा शांतिकुंज से प्रेषित कार्यक्रम की स्वीकृति एवं आशीर्वाद पत्र को पढ़कर सुनाया गया।



बैठक में राष्ट्र शौर्य समृद्धि 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ समिति के संरक्षक पवन अग्रवाल, अध्यक्ष टिकेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष पूर्णोचंद्र बेहरा सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, जिला के मुख्य ट्रस्टी सहदुल प्रसाद सिंह, ट्रस्टी, जिला समन्वयक कांशीराम श्रीवास, प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ सहसमन्वयक दौलत राम चौहान तथा जिले के सभी ब्लॉक समन्वयक एवं गायत्री परिवार के सक्रिय परिजन भाई बहनों की उपस्थिति रही। बैठक में शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शनानुसार ब्लॉक के सभी 108 गांवों में दीप यज्ञ, एक कुण्डीय एवं पंचकुण्डीय गायत्री यज्ञ, जनसंपर्क एवं घर-घर गायत्री परिवार अभियान चलाकर प्रत्येक परिवार तक युगऋषि के विचार एवं यज्ञीय संस्कृति पहुँचाने का संकल्प लिया गया।

## कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय.सीमा टीएल बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री जनदर्शन तथा अन्य जनशिकायतों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो तथा निर्धारित समयावधि में सभी प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने सभी अधिकारियों से समन्वय एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को समय-सीमा का पालन करते हुए लंबित कार्यों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग को योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों को इसका लाभ दिलाने के निर्देश दिए। नगरपालिका क्षेत्रों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों सीएमओ को नियमित एवं प्रभावी साफ.सफाई सुनिश्चित करने, स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा नागरिक सुविधाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए।

## सुखद भविष्य के लिए आगे आएं, पौधे लगाएं : सुनील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज शहर के वार्ड क्रमांक 26 में रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी सुनील रामदास के विशेष मार्गदर्शन में तथा लॉयंस क्लब मिड टाउन रायगढ़ के तत्वावधान में वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वहीं कार्यक्रम का नेतृत्व टीम प्रमुख एवं कार्यक्रम संयोजक लॉयन रामनंदन यादव ने किया। उनकी टीम के सदस्यों ने वार्ड वासियों के साथ मिलकर पर्यावरण स्वच्छताए संरक्षण एवं सुरक्षा का संदेश दिया। पौधारोपण व पौधरोपण वहीं इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए टीम प्रमुख लॉयन रामनंदन यादव ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सम्मानीय नागरिक मदन महंत के घर




के पास नींबू का पौधा लगाकर की गई। इसके पश्चात वार्ड के बच्चोंए महिलाओं एवं पुरुषों को घर.आंगन को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने तथा धार्मिक कार्यों के लिए गमले में लगाने हेतु पौधे वितरित किए गए। वितरित पौधों में तुलसी, बेल, आंवला, लिली, गेंदे का फूल, आम, जामुन, करंज, बादाम' आदि प्रमुख थे। वहीं जनजागरूकता टीम ने लोगों को अपने घरों के आसपास हरियाली बढ़ाने और पौधों की देखभाल करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर मदन महंत, त्रिभुवन सिंह, विजय राठौर, अभिषेक, बिज्जू, संजय, राकेश, आनंद, छोटू सहित बड़ी संख्या में पुरुष उपस्थित थे व महिलाओं में सीता, पम्मी, रश्मीला, राजकुमारी, विमला, खिलेश्वरी, शांति, कुसुम, शारदा एवं बच्चों में मौली, आरती, राजेश, कुश ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व रामदास द्रौपदी फाउंडेशन से संजू, रामशरण और अनिल उपस्थित थे।

## मवेशी से टकराई बाइक, हादसे में युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पत्थलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम तमता टोंगरी पारा के पास सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार बाइक के आवारा मवेशी से टकरा जाने के कारण एक युवक की मौत हो गई, टक्कर इतनी भीषण थी कि मवेशी की भी मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, ग्राम चंदागढ़ निवासी रामप्रसाद चक्रेश उम्र 22 वर्ष पिता सुखलाल चक्रेश तमता से घरेलू सामान खरीदकर बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था। शाम करीब 7 बजे जैसे ही वे टोंगरी पारा के पास पहुंचा, अचानक सड़क पर एक बैल आ गया। रफ्तार अधिक होने के कारण बाइक सीधे मवेशी से जा टकराई। राहगीरों ने बताया कि भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में घायल बैल की मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई। बाइक चालक रामप्रसाद चक्रेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही राहगीरों की मदद से डायल 112 की टीम को बुलाया गया। 112 की मदद से घायल रामप्रसाद को तत्काल सिविल अस्पताल पत्थलगांव ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। रात को पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल के मर्चुरी में रखवा दिया था। दूसरे दिन पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।





### पुलिस की जांच शुरू

जिले में पुलिस विभाग लगातार लोगों को सड़क सुरक्षा और हेलमेट पहनने के लिए जागरूक कर रही है। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में इसका खास असर देखने को कम ही मिल रहा है। तेज रफ्तार और सड़क पर घूमते आवारा मवेशी आए दिन लोगों की जान ले रहे हैं। फिलहाल पत्थलगांव पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि पर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्राकृतिक आपदाओं में हुई मृत्यु के 3 प्रकरणों में कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा कुल 12 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अपर कलेक्टर प्रदीप साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील कांसाबेल के ग्राम नकबार निवासी सुखयारो बाई की कुआं के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनकी माता श्रीबाई को कुल 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है। तहसील मनोरा अंतर्गत ग्राम खोखसो बेंजोरा निवासी जयपाल राम की नाला के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी मनकुमारी बाई को कुल 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## राम के नाम पर सियासत कांग्रेस करती है, भाजपा ने तो गोलियां खाईं: दीवान

**रायगढ़।** श्रीराम मंदिर अयोध्या में चढ़ावे को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों पर भाजपा जिला अध्यक्ष अरूणधर दीवान ने पटलवार करते हुए विपक्ष पर राम के नाम पर बगुला भक्ति का आरोप लगाया है। कांग्रेस की नीयत पर गंभीर सवाल उठाते हुए अरूणधर दीवान ने कहा श्रीराम के नाम पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करने का दावा करने वाले इस सवाल का जवाब दे कि राम के नाम पर सियासत कौन करता आया हैं दीवान ने कहा विपक्ष की नीयत पर संदेह क्यों न हो वक्फ बोर्ड की देशभर में 8.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक की संपति है।



यह संपत्ति कैसे एकत्र हुईए किसके नाम पर हुई, इसका क्या उपयोग हो रहा है। कांग्रेस की कोख में वक्फ बोर्ड पलता रहा लेकिन कांग्रेस ने कभी इसका जवाब देने की जहमत नहीं उठाई, लेकिन राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा स्वेच्छा से अर्पित चढ़ावे पर तुरंत सवाल खड़े कर दिए। यह दोहरा मापदंड क्यों क्या यह तुष्टिकरण की राजनीति नहीं है। जिला भाजपा अध्यक्ष ने राम मंदिर सत्ता का नहीं बल्कि भाजपा के संघर्ष का प्रतीक बताते हुए कहा भाजपा ने राम मंदिर के लिए गोलियां खाईं, सत्ता का परित्याग किया है। 1992 में कल्याण सिंह ने मुख्यमंत्री की कुर्सी का त्याग किया। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी ने सोमनाथ से अयोध्या तक रथ यात्रा निकालकर जनमानस की भगवान राम के प्रति आस्थाएश्रद्धा को कांग्रेस के सामने रखा। 500 वर्षों का संघर्ष, दशकों लंबी कानूनी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट में लड़ी गई। तब जाकर राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। यह मंदिर किसी पार्टी का नहीं बल्कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। दीवान ने विश्वास दिलाते हुए कहा मामले की सघन जांच जारी है, दोषी नहीं बचेंगे। जहां तक चढ़ावे में कथित अनियमितता का सवाल है, मंदिर ट्रस्ट द्वारा पारदर्शी व्यवस्था बनाई गई है।

TOP IN RAIGARH

GURUKRIPA COLLEGE ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## इंटीग्रिटी एजुकेशन का डिप्लोमा वितरण समारोह

# एसएसपी बोले- सफलता के लिए अनुशासन और जागरूकता जरूरी

**जशपुरनगर।** शहर की प्रतिष्ठित कंप्यूटर शिक्षण संस्था इंटीग्रिटी एजुकेशन एआईएसईसीटी में सोमवार को डीसीए एवं पीजीडीसीए के विद्यार्थियों का डिप्लोमा एवं अंकसूची वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति समारोह का मुख्य आकर्षण रही। समारोह को संबोधित करते हुए डीआईजी लाल उमेद सिंह ने कहा - निरंतर प्रयास से ही सफलता की प्राप्ति होती है। मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी ही व्यक्ति को आगे बढ़ाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीक का जिम्मेदारी के साथ उपयोग करने की अपील करते हुए साइबर अपराधों से सतर्क रहने का संदेश दिया। साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और स्वयं के साथ दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखने की सीख दी। उन्होंने कहा कि आज के युवा देश का भविष्य हैं। यदि वे अपने कौशल के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझेंगे, तो निश्चित रूप से समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

- विद्यार्थियों को साइबर और सड़क सुरक्षा का दिया संदेश





### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की निदेशक श्रीमती अंजना शर्मा ने की। संस्था के प्रबंधक हिमालय शर्मा एवं डॉ.आर्या शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान सभी सफल विद्यार्थियों को डिप्लोमा एवं अंकसूची प्रदान की गई तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### शराब कोचियों के खिलाफ कार्रवाई

**सरसींवा।** सरसीवा पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वाले शराब कोचिया के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ग्राम गगोरी में अवैध हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब बिक्री करते हुए पकडा गया। आरोपिया नीराबाई पटेल पति मनोहर पटेल 37 गगोरी भाठापारा के कब्जे से 18 लीटर शराब कीमत 36 सौ रुपए जब्त किया गया। आरोपिया सुखबाई जांगडे पति समे लाल जांगडे 50 गगोरी के कब्जे से 14 लीटर कीमती 28 सौ जब्त किया गया। सतीश कुर्रे पिता संतोष कुर्रे 30 गगोरी 24 लीटर कीमत 48 सौ, खुनुन बाई कठौतिया पति श्याम सुंदर कठौतिया 50 से 15 लीटर, अनिता मनहर से 9 लीटर, कमल मनहर से 25 लीटर, चंद्रिका भारद्वाज से 12.100 लीटर जब्त किया गया। वही ग्राम मुड़पार एवं पिपरडीह में तीन अलग-अलग मामलों में 33.350 लीटर शराब जब्त किया गया।

### सफाईकर्मी और स्वच्छता दीदियों का सम्मान

**बरमकेला।** नमस्ते दिवस के अवसर पर नगर पंचायत बरमकेला में स्वच्छता कार्य से जुड़े सफाई कर्मियों एवं स्वच्छता दीदियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों के अथक परिश्रम, समर्पण और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को सम्मान देना, उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में उनके कार्य के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्वच्छता कर्मियों का स्वागत कर किया गया। इस दौरान नगर पंचायत बरमकेला के अंतर्गत कार्यरत सभी सफाई कर्मियों एवं स्वच्छता दीदियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी स्वच्छता कर्मियों एवं स्वच्छता दीदियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा उनका सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। साथ ही स्वच्छता कार्य के दौरान व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई), दस्ताने, मास्क, जूते आदि का नियमित उपयोग करने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराते रहने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और उनके कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल नगर पंचायत की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।

### आरटीई के बच्चों को मिलीं स्कूल ड्रेसेस

**सरसीवा।** मधाई भाटा के बच्चों के चेहरे पर एक प्यारी सी मुस्कान और नए कपड़ों की खुशी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला मढ़ाईभाठा के विनायक एकेडमी इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में। यहाँ शिक्षा के अधिकार के तहत पढ़ाई कर रहे नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए एक बेहद खास और सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में केजी क्लास से लेकर कक्षा दूसरी तक के सभी आरटीई विद्यार्थियों को स्कूल की तरफ से बिल्कुल निःशुल्क (फ्री) यूनिफॉर्म बांटी गई। कार्यक्रम की शुरुआत बहुत ही सकारात्मक माहौल में हुई। स्कूल मैनेजमेंट ने न सिर्फ बच्चों का, बल्कि उनके साथ आए पालकों (पेरेंट्स) का भी तिलक लगाकर और फूलों से आत्मीय स्वागत किया। कई बार आर्थिक तंगी के चलते पेरेंट्स बच्चों की छोटी-छोटी जरूरतों को लेकर चिंतित रहते हैं, ऐसे में स्कूल द्वारा उठाए गए इस कदम ने पेरेंट्स के दिलों को छू लिया। स्कूल परिसर में चारों तरफ खुशहाली और अपनेपन का माहौल दिखाई दे रहा था। ₹हर बच्चे को मिले आगे बढ़ने का पूरा मौका₹ डायरेक्टर रूद्र इस खास मौके पर स्कूल के डायरेक्टर ने अपनी बात रखते हुए कहा ₹हमारा मकसद सिर्फ बच्चों को किताबी ज्ञान देना नहीं है, बल्कि हम उनके समग्र विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शिक्षा पाना हर बच्चे का अधिकार है। आरटीई योजना के तहत जो बच्चे हमारे स्कूल में पढ़ रहे हैं, उन्हें पढ़ाई-लिखाई से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जरूरी सुविधा देना हमारी जिम्मेदारी है।

### जीपी 4/2,3 को प्लेटिनम और 4/1 को मिला गोल्ड अवार्ड

# गारे पेलमा कोल माइंस को पर्यावरण क्षेत्र में मिली बड़ी उपलब्धि, 4/1 तीसरी बार 5 स्टार रेटेड माइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल पावर के गारे पेलमा क्षेत्र की कोल माइंस ने पर्यावरण संरक्षण और सतत खनन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। माइंस को दो प्रतिष्ठित अवार्ड मिला है वहीं फिमी स्पेषल एनवायरमेंट आवर्ड 2025-26 के लिए भी चयनित किया गया है।

जिंदल पावर द्वारा गारे पेलमा कोल ब्लाक मिला है। इसी क्रम में कोल कंट्रोलर आर्गेनाइजेषन (सीसीओ) द्वारा वित्तीय वर्ष 2024- 25 के मूल्यांकन में गारे पेलमा 4/1 माइंस को लगातार तीसरी बार 5 स्टार रेटेड माइन का दर्जा प्राप्त हुआ है वहीं गारे पेलमा 4/2 और 4/3 माइंस को मूल्यांकन के पहले ही वर्ष में 3 स्टार माइन का दर्जा मिला है।



अवार्ड लेते संस्था के अधिकारी।

गुवाहाटी में आयोजित एक ग्रीन एनवायरो एनवायरनमेंटल अवार्ड समारोह में गारे पेलमा 4/2 और 4/3 माइंस को प्रतिष्ठित प्लेटिनम अवार्ड और गारे पेलमा 4/1 कोल माइंस का गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि पर्यावरण के प्रति

**फिमी अवार्ड के लिए भी चयन**

माइंस के एवीपी सुरेष चंद्र पाल ने बताया कि कंपनी के लिए एक और गौरव की बात है कि गारे पेलमा 4/1 कोल माइंस को पर्यावरण संरक्षण और प्रबंधन में उत्कृश्ट प्रयासों के लिए फिमी स्पेषल एनवायरनमेंट अवार्ड 2025 -26 के लिए चुना गया है। यह प्रतिश्ठित अवार्ड सितंबर में फेडरेशन आफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज की 60 वी वार्षिक आम बैठक के दौरान दिया जाएगा।

जिंदल पावर कंपनी पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता आगे भी जारी रखेगी। उन्होंने बताया कि यह सम्मान माइंस की पूरी टीम की स्थिरता, नवाचार और पर्यावरण प्रबंधन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है।



# कल होगा श्री राधा कृष्ण मंदिर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

श्री राधा कृष्ण मंदिर धर्मादा ट्रस्ट पुरानी बस्ती के तत्वाधान में खरसिया नगर में नवनिर्मित भव्य राधा कृष्ण मंदिर का लोकार्पण तथा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह 16 जुलाई रथ यात्रा के दिन होने जा रहा है।

इस ऐतिहासिक और गौरवशाली धार्मिक उत्सव में विशेष तौर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू शामिल होने खरसिया आ रहे है। श्री राधा कृष्ण धर्मादा ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष राठौर से मिली जानकारी के अनुसार 16 जुलाई को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में वैदिक मंत्रोच्चार विधि विधान और महायज्ञ के साथ भगवान राधा कृष्ण की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके पश्चात आए अतिथियों के कर कमलों से मंदिर का लोकार्पण संपन्न होगा। विशिष्ट अथिति के तौर पर सांसद राधेश्याम राठिया, सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक उमेश पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग शामिल होंगे। 12 जुलाई को कलश यात्रा निकाली गई, मूर्ति नगर भ्रमण हुआ। 16 तक वेदी पूजन किया जाएगा वही 16 जुलाई को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, हवन, महाआरती, ब्राम्हण भोज एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। श्री राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा आयोजन को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां युद्ध स्तर आरंभ कर दी गई है। इसके साथ ही समारोह में प्रदेश के कई वरिष्ठ राजनेता, साधु संतो और सामाजिक संगठन भी इसके साक्षी बनने जा रहे है। ट्रस्ट ने क्षेत्रवासियों से निवेदन किया है इस महा उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार पधारकर भगवान श्री राधा कृष्ण का आशीर्वाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने।

# शिशु, बाल, कन्या एवं तरुण भारती का शपथ ग्रहण समारोह

**सरसीवा।** कमल नयन बाल कल्याण समिति सरसीवा द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरसीवां में रोहित टंडन शिशु भारती प्रमुख राम नारायण मनोहर बल भारती प्रमुख, कुमारी सेवती तेंदुए कन्या भारती प्रमुख एवं रोहित साहू तरुण भारती प्रमुख द्वारा मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। समारोह में सभी पदाधिकारीयों का तिलक वंदन एवं बैच से सम्मानित कर प्राचार्य द्वारा शपथ दिलाई गई। प्राचार्य पंकज कुमार प्रधान द्वारा सभी पदाधिकारीयों के



उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कोई भी पद छोटा या बड़ा नहीं होता कार्य क्षमता के ऊपर निर्भर रहता है कि हम किस प्रकार का कार्य करें जिससे विद्यालय एवं विद्या भारती के लक्ष्य को हम को परम वैभव की शिखर तक पहुंचा सकें। सभी पदाधिकारी मिलजुल कर कार्य करते हुए भैया बहनों को साथ लेकर सभी कार्यक्रमों का सहभागी बने तथा गुणवत्ता युक्त विद्यालय एवं एक श्रेष्ठ भारत की कल्पना को साकार करें। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ आचार्य नरोत्तमलाल द्विवेदी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम की जानकारी प्रचार प्रसार प्रमुख लक्षराम साहू ने दी।

# श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध-प्रदर्शन

**रायगढ़।** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चढ़ावे से जुड़ी कथित चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ द्वारा शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शाखा यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता स्टेशन चौक, सुभाष चौक हनुमान मंदिर एवं गौरीशंकर मंदिर चौक सहित विभिन्न स्थानों पर एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने हाथों में घटनाक्रम से संबंधित संदेश एवं मांगों वाली तख्तियां लेकर आमजन के बीच अपनी बात रखी और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शाखा यादव ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालु अपनी श्रद्धा, विश्वास और परिश्रम की कमाई भगवान श्रीराम के चरणों में समर्पित करते हैं।



ऐसे में यदि चढ़ावे के प्रबंधन और वित्तीय व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप सामने आते हैं तो उन्हें केवल समाचार मानकर अनदेखा नहीं किया जा सकता। जनता को यह जानने का अधिकार है कि वास्तविक स्थिति क्या है और यदि कहीं अनियमितता हुई है तो उसके लिए जिम्मेदार कौन है। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक संस्थान की गरिमा तभी सुरक्षित रह सकती है जब उसकी व्यवस्थाएं पारदर्शी हों और हर प्रकार के आर्थिक लेन देन पर जवाबदेही सुनिश्चित हो। आस्था का सम्मान तभी सार्थक है जब उसके साथ ईमानदारी और पारदर्शिता भी जुड़ी हो। कांग्रेसजनों ने कहा कि उनका विरोध किसी धर्म या भगवान श्रीराम के प्रति नहीं, बल्कि उन कथित गड़बड़ियों के विरुद्ध है जिनसे श्रद्धालुओं का विश्वास प्रभावित होता है। पार्टी की मांग है कि पूरे प्रकरण की स्वतंत्र, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराई जाए तथा जांच में जो भी दोषी पाए जाएं, उनके विरुद्ध बिना किसी पक्षपात के कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए।

# कोलता समाज की प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

**कलेक्टर पद्मिनी भोई ने बच्चों को दिया करियर मार्गदर्शन**

**पुसौर।** कोलता समाज आंचलिक सभा पुसौर और कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रामचंडी मंदिर तुरंगा में प्रतिभावान छात्र सम्मान सह सामाजिक संस्कृति पर व्याख्यान एवं करियर मार्गदर्शन 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सारंगढ़ बिलाईगढ़ की कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत इष्ट देवी रामचंडी माता की पूजा अर्चना और सामूहिक वंदना के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। आंचलिक अध्यक्ष जगन्नाथ प्रधान ने स्वागत भाषण दिया और कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय संयोजक दुरेंद्र नायक ने कार्यक्रम की जानकारी दी।

सामाजिक संस्कृति जाति गोत्र और रीति रिवाज पर विराट भोय और शौकि गुप्ता ने व्याख्यान दिया। मंच से निर्मल प्रधान शुक्लाबर गुप्ता




चन्द्रशेखर भोय ब्रजेश गुप्ता रत्थूलाल गुप्ता और गीता गुप्ता ने समाज को शिक्षा और एकता पर जोर देने की बात कही। इस मौके पर कलेक्टर पद्मिनी भोई की माता श्रीमती प्रेमलता भोई ने भी संबोधित किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बेटाण्बेटी में भेदभाव न करें और सभी बच्चों को पढ़ाई लिखाई के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बोर्ड में दसवें स्थान पर जगह बनाने वाली छात्रा कु. गिरजा प्रधान ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह ही उनकी सफलता की नींव बने और उनका सपना है कि वे भी भविष्य में कलेक्टर बनें। कलेक्टर पद्मिनी भोई ने दिया करियर मार्गदर्शन मुख्य आकर्षण रहा कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू का मार्गदर्शन सत्र। उन्होंने 300 से अधिक बच्चों से सीधा संवाद किया। बच्चों ने खूब सवाल पूछे और कलेक्टर ने हर एक का जवाब देकर प्रेरणा दी। उन्होंने पढ़ने की आदत, लक्ष्य निर्धारण और कठिन परिश्रम पर खास जोर देने को कहा। साथ ही आश्वासन दिया कि समाज के बच्चों को हर संभव मदद मिलेगी। जरूरत होने पर वे उनके घर या कार्यालय आकर भी मार्गदर्शन ले सकते हैं। उन्होंने समाज के गौरवशाली इतिहास और माता पिता के प्रति सम्मान रखने को प्रेरणा का स्त्रोत बताया। कार्यक्रम में रत्थूलाल गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, संगीता गुप्ता, मिनाक्षी गुप्ता, गोपिका प्रमोद गुप्ता, विनोदिनी प्रधान, विवेक प्रधान सहित समाज के सरपंच शाखा अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ के पंकज बिस्वाल मनोहर देहरी कृष्णचंद गुप्ता और रामचंडी सेवा समिति रायगढ़ के अध्यक्ष रवि प्रकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाजजन और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुरलीधर गुप्ता ने किया और आभार प्रदर्शन पंकज बिस्वाल ने किया। आयोजन को सफल बनाने में रामचंडी मंदिर समिति और ग्राम तुरंगा व मचिदा के लोगों का विशेष योगदान रहा। जानकारी आंचलिक सचिव गुरुदेव गुप्ता ने दी।

# मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का कृषि आर्थिक अनुसंधान केन्द्र की टीम ने किया मूल्यांकन

**रायगढ़।** कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित कृषि आर्थिक अनुसंधान केन्द्र जबलपुर मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की विशेषज्ञ टीम ने बीते 9 एवं 10 जुलाई को दो दिवसीय ले का दौरा कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के क्रियान्वयन और उसके प्रभाव का व्यापक मूल्यांकन किया। इस दौरान टीम ने जिले के ग्राम गोपालपुर, भगोरा, पाली, बायंग, नवरंगपुर एवं धनागर पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद स्थापित किया और मिट्टी परीक्षण कार्ड की वर्तमान स्थिति तथा उससे मिलने वाले लाभों की जानकारी प्राप्त की।



उप संचालक कृषि ने बताया कि दौरे के दौरान विशेषज्ञ दल ने किसानों से चर्चा कर यह जाना कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से प्राप्त जानकारी का उपयोग वे अपनी खेती में किस प्रकार कर रहे हैं तथा इससे उत्पादन लागत एवं फसल उत्पादन पर क्या प्रभाव पड़ा है। टीम ने किसानों को मृदा परीक्षण में शामिल प्रमुख पोषक तत्वों जैसे नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश सहित अन्य सूक्ष्म एवं आवश्यक पोषक तत्वों की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिले के किसानों की कृषि भूमि के मिट्टी परीक्षण की सुविधा के लिए पटेलपाली स्थित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला संचालित की जा रही है, जहां किसानों की भूमि के नमूनों का परीक्षण कर उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराया जाता है। इस पहल से जिले के किसान वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। निरीक्षण दल में अनुसंधान अधिकारी डॉ. राजेन्द्र सिंह बरेलिया, डॉ. प्रेम रतन पाण्डेय एवं अखिलेश कुरील शामिल थे। वहीं इस अध्ययन एवं निरीक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में कृषि विभाग के अभिषेक पटेल एवं संजय सिदार सहित अन्य अधिकारियों और मैदानी अमले का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# खेत के बीच अचानक हो गया विशाल गड्ढा ग्रामीणों के बीच बढ़ा कौतूहल, लगी भीड़

**बरमकेला।** डोमाडीह और झिलगीटार के बीच स्थित एक खेत में सोमवार सुबह एक रहस्यमयी घटना सामने आई जिसने पूरे क्षेत्र में कौतूहल और चिंता का माहौल पैदा कर दिया। सुबह जब किसान और ग्रामीण रोज की तरह खेतों की ओर पहुंचे तो उनकी नजर खेत के बीचों बीच बने एक विशाल गड्ढे पर पड़ी। कुछ घंटे पहले तक जहां समतल खेत था, वहां अचानक करीब 9 से 10 फीट गहरा और 12 से 15 फीट चौड़ा गोलाकार गड्ढा बन चुका था।

घटना की खबर देखते ही देखते पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचकर इस रहस्यमयी



गड्ढे को देखने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 7 से 8 बजे इस गड्ढे की जानकारी ग्रामीणों को मिली। शुरुआत में लोगों को विश्वास ही नहीं हुआ कि इतनी बड़ी जमीन अचानक धंस सकती है। लेकिन

> सुबह करीबन 7-8 बजे दोनों गांव के बीच में खेत में अचानक गड्ढा बनने की सूचना मिली इसकी जानकारी थाने में दे दी गई है।
>
> **रूपधर चौहान**
> **सरपंच ग्राम पंचायत डोमाडीह**

मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि खेत का एक बड़ा हिस्सा पूरी तरह धंस चुका है। गड्ढे के चारों ओर मिट्टी फटकर नीचे की ओर खिसकी हुई दिखाई दे रही है, जबकि आसपास की जमीन में भी दरारें साफ नजर आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति या मवेशी रात के समय उस स्थान से गुजरता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### रायगढ़ में जुटे वैष्णव समाज के सदस्य

# छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा की जिला कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा 5811 के इतिहास में रविवार का दिन रायगढ़ जिले के लिए ऐतिहासिक बन गया। केवड़ाबाड़ी स्थित मंगल भवन में आयोजित जिला स्तरीय निर्वाचन, शपथ ग्रहण एवं संगठन गठन समारोह में समाज की अभूतपूर्व एकजुटता देखने को मिली। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 900 से अधिक स्वजातीय बंधुओं, माताओं, बहनों और युवाओं की उपस्थिति ने आयोजन को एक विशाल सामाजिक महाकुंभ का स्वरूप दे दिया।

कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यकारिणी, महिला प्रकोष्ठ एवं विभिन्न मंडलों का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संपन्न हुआ। निर्वाचन के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज की एकता, संगठन




और सेवा के लिए शपथ ग्रहण की। महासभा के राष्ट्रीय महासचिव लखन दास वैष्णव के रायगढ़ आगमन पर रेलवे स्टेशन से लेकर कार्यक्रम स्थल तक समाजजनों ने ढोल नगाड़ों, पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। श्रीमती रेखा वैष्णव ने 500 से अधिक मतों के भारी अंतर से विजय हासिल कर जिला अध्यक्ष का दायित्व संभाला। वहीं समाज की सर्वसम्मति से दिव्यशेखर बैरागी को निर्विरोध जिला महासचिव चुना गया। युवा नेतृत्व की जिम्मेदारी प्रफुल वैष्णव को जिला युवा अध्यक्ष के रूप में सौंपी गई। महासभा ने तमनार क्षेत्र में पूर्व में आयोजित सफल विष्णु महायज्ञ एवं संगठनात्मक कार्यों को देखते हुए वहां के पदाधिकारियों पर दोबारा विश्वास जताया। तमनार क्षेत्र में किसी प्रकार का फेरबदल नहीं किया गया, जिसे समाज ने संगठन के प्रति सम्मान के रूप में देखा। पूरे निर्वाचन को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने में मुख्य चुनाव अधिकारी लक्ष्मी नारायण वैष्णव गढ़फुलझर बसना सहित लखन दास वैष्णव सारंगढ़, तरुण वैष्णव कोरबा एवं हीरा दास वैष्णव जैजैपुर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रदेश युवा अध्यक्ष विश्वनाथ बैरागी प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश वैष्णव, प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष लखन दास वैष्णव सारंगढ़ सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से अनेक वरिष्ठ समाजसेवी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

